(जिला-दौसा)

न्यायालय ना० तहसीलदार महवा जिला दौसा (राज.)

मु.न. 327/18

सरकार बनाम श्रीः राजवीर सिंह उर्फ सतेन्द्र सिंह
पुत्र स्व. मोहन सिंह
जाति गुर्जर

किस्म मुकदमा अन्तर्गत धारा 91 एल. आर. एक्ट

निर्णय

दिनांक 5/2/18

पत्रावली पेश हुई । प्रकरण वृतान्त अनुसार पटवारी हल्का द्वारा एक रिपोर्ट अन्तर्गत धारा 91 LR Act इस का पेश की गई कि अतिक्रमी श्री राजवीर सिंह उर्फ सतेन्द्र सिंह पुत्र श्री स्व. मोहन सिंह जाति गुर्जर निवासी खेड़ला बुजुर्ग तहसील महवा ने संवत 2074 फसल रवि / ~~खरीफ~~ मे ग्राम खेड़ला बुजुर्ग की राजकीय आराजी खसरा नं. 184/1 रकबा कुल 29.78 किस्म कंड 1 (सिवायचक) भूमि से 0.05 रकबा पर अनाधिकृत रूप से चारदीवाल कब्जा कर अतिचार कर लिया है।

रिपोर्ट प्रकरण दर्ज किया जाकर अतिक्रमी को राज.भू.-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस जारी किया गया । नोटिस प्रति बाद तामिल शामिल पत्रावली है।

अतिक्रमी बावजूद नोटिस तामिल अनुपस्थित रहा है अत अतिक्रमी के प्रति एक तरफा कार्यवाही अमल मे लाई जाती है। अतिक्रमी द्वारा राजकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जाना प्रमाणित है। जो राज.भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत दण्डनीय है।

अत: अतिक्रमी को नाजायज रूप से अतिक्रमण करने पर अतिचारित रकबा से बेदखल किया जाना है व भूमि के वार्षिक लगान रूपये 0.10 का 50 गुना 5 रु. राशि की शास्ति आरोपित कर दण्डित किया जाता है।

पटवारी व टी.आर.ए. को मांग कायमी एंव वसुली हेतु पटवारी हल्का व भू-अभिलेख निरीक्षक को बेदखली हेतु लिखा जावे । पत्रावली फैसल शुमार का जाकर नम्बर से कम हो। बाद तामिल व तकमील लेख भण्डार हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

रजिस्टर ग/घ के पेज नं० 100 पर वर्ष 2017-18 में पेनल्टी/फसल नीलामी की राशि ... 5 रु. पै० ... की जमा ... दिनांक 5/2/18 तहसील राजस्व लेखाकार तहसील-महवा

नायब तहसीलदार महवा (दौसा)

ना० तहसीलदार
महवा जिला दौसा